सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया
Coal India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 580 वर्ष 43 राँची, 31 मई, 2022





# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

## आपकी कर्मठता और मेहनत ही राष्ट्र की समृद्धि का आधार है – सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद





अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते एवं उपस्थित सभी को संबोधित करते सीसीएल सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

1 मई, 2022 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। यह समारोह सीसीएल, मुख्यालय सहित सहित सभी खनन क्षेत्रों में आयोजित किया गया। श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों सहित महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक खान सुरक्षा, राँची क्षेत्र, श्री आफताब अहमद, निदेशक (तक./संचा.) श्री आर.बी प्रसाद सहित अन्य कर्मी ने भाग लिया। समारोह के दौरान विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।

सीएमडी श्री प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सीसीएल मुख्यालय में स्थित शहीद स्मारक में शहीद कोयला योद्धाओं को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

सभी को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि अपने अथक परिश्रम से भारत की तरक्की का इतिहास लिखने वाले और राष्ट्र निर्माण में जुटे देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को श्रम दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। उन्होंने कहा कि आपकी कर्मठता और मेहनत ही राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि COVID–19 महामारी के दौरान, सीसीएल में कार्यरत ऊर्जा योद्धाओं ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए दिन–रात कार्य किया।

1 मई को दुनिया भर के श्रमिकों और मजदूरों को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस है। यह दिन मजदूरों के लिए मनाया जाता है। ये दिन उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करता है।



# दो दिवसीय 'नेशनल कॉन्क्लेव ऑन सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर' का आयोजन



नेशनल कॉन्क्लेव ऑन सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते सीसीएल सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदे. (पी. एंड आईआर), सीआईएल श्री विनय रंजन

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में दो दिवसीय (06–07 मई, 2022) 'नेशनल कॉन्क्लेव ऑन सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर' का आयोजन कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने किया।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक), सीसीएल एवं बीसीसीएल श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, ईडी, कोल इंडिया, श्री पी. साईराम, इंडिपेंडेंट निदेशक, डॉ. अरूण उराँव, श्रीमती जाजुला गौरी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुये कहा कि सीसीएल अपने कमांड क्षेत्रों में सीएसआर योजना के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य इन योजनाओं का जानकारी आमजन तक पहुँचाना है और लाभान्वित कराना भी है।

कोल इण्डिया लि. के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने पूरे सीसीएल टीम की प्रशंसा करते हुये कहा कि कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी द्वारा प्रत्येक वर्ष लगभग 535 करोड़ रूपये की राशि सीएसआर मद में खर्च किया जाता है। श्री रंजन ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में हमारा उद्देश्य है कि दस हजार लोगों का स्कील डेवलपमेंट करना है। उन्होंने कहा कि Livelihood से संबंधित सीएसआर परियोजना को मूर्त रूप देना है जिससे लोग स्वरोजगार कर सके।

इस अवसर पर तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व डिजीपी, गोवा एवं अरूणाचल प्रदेश, महासचिव, प्रयास, श्री अमोध केकन, सीएसआर विशेषज्ञ डॉ भास्कर चटर्जी, मुख्य सीएसआर, टाटा स्टील, श्री सौरव रॉय, सीओ, टाटा ट्रस्ट, श्री एन श्रीनाथ, वरीय निदेशक, डेलॉयट इंडिया, श्री सुब्रांशु पटनायक, निदेशक (कार्मिक), अरविन्द आई केयर, डॉ एस. अरविन्द ने अपने–अपने विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। सभी ने कोल इंडिया एवं उसके सभी अनुषंगी कंपनी के सीएसआर गतिविधियों के बारे में प्रशंसा किया और कहा कि कंपनी आने वाले समय में और बेहतर कार्य करेगी।

कार्यक्रम में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन सीसीएल सहित कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनी एवं अन्य संस्थानों द्वारा लगाये गये सीएसआर स्टॉल का भी उद्घाटन किया। सीसीएल सहित कोल इंडिया की अन्य अनुषंगी कंपनियों ने अपने सीएसआर गतिविधियों को प्रदर्शित किया है।

उपरोक्त कॉन्क्लेव का समापन दिनांक 7 मई 2022 को




नेशनल कॉन्क्लेव ऑन सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ उपस्थित निदे. (पी एंड आईआर), सीआईएल श्री विनय रंजन

हुआ। दो दिनों की अवधि में देश के विभिन्न हिस्सों के विशेषज्ञों ने सीएसआर और सस्टेनबिलिटि पर चर्चा की और अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर निदेशक (पी एंड आईआर), सीआईएल श्री विनय रंजन मुख्य अतिथि थे। श्री रंजन ने कहा कि कॉन्क्लेव ने कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न सहायक कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों को एक साथ आने और विषय के विभिन्न पहलुओं पर विचार–मंथन करने के लिए एक साझा मंच प्रदान किया।

दो दिवसीय कार्यक्रम में सीएसआर से संबंधित विभिन्न विषयों पर बारह अलग–अलग सत्र थे। समापन सत्र में देश के जाने–माने 6 वक्ताओं ने हिस्सा लिया जिन्होंने पावर प्वाइंट के माध्यम से अपने–अपने विषय पर विस्तार से चर्चा किया और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषप्रद उत्तर भी दिया। वक्ताओं में आईओसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री रंजन महापात्र, कैम्ब्रीज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता डॉ शशि रत्नाकर सिंह, आईआईटी बॉम्बे के एमिरिटस प्रोफेसर एवं सेवानिवृत आइएएस प्रो सतीश बी अग्निहोत्री, दून स्कूल के निदेशक (कार्मिक) एवं रूरल माइक्रोफाइनासिंग के विशेषज्ञ विंग कमांडर श्रीमती अनुपमा जोशी, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हॉस्पीटल के महाप्रबंधक डॉ धवल भट्ट एवं हेड सीएसआर, टेरी (TERI) श्री अमित कुमार ठाकुर मुख्य वक्ता थे।

सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने अपने संबोधन में कहा कि वक्ताओं ने सीएसआर से संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में चर्चा किया जिससे सीएसआर के बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाने के लिए सीसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य अनुषंगी कंपनियों को प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आपस में नॉलेज शेयरिंग करने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम में सीसीएल को 'बेस्ट सीएसआर प्रोजेक्ट इन स्पोर्ट्स एण्ड एजुकेशन' पुरस्कार से नवाजा गया। सीसीएल को यह पुरस्कार झारखण्ड खेल अकादमी (जेएसएसपीएस) के माध्यम से झारखण्ड के प्रतिभावान खिलाडियों को जरूरी प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में मदद करने और अपने कमांड क्षेत्र के गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले मेधावी छात्रों के लिए चलाए जा रहे 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। सीसीएल अपने कमांड क्षेत्र और झारखण्ड के ग्रामीणों के समावेशी विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है। साथ ही कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शनी (एक्जीविशन) प्रस्तुत करने के लिए भी सीसीएल को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कोविड काल के दौरान शानदार प्रदर्शन और सराहनीय कार्य हेतु महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

'बेस्ट सीएसआर प्रैक्टिसेस इन स्कील डेवलपमेंट' का पुरस्कार नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) को प्रदान किया गया।

सीसीएल के महाप्रबंधक (एसडी एंड सीएसआर) श्री बालकृष्णा लाडी ने कार्यक्रम के सफल समापन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# नए निदेशक तकनीकी (संचालन) का स्वागत

श्री. राम बाबू प्रसाद ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के नए निदेशक तकनीकी (संचालन) का पदभार ग्रहण कर लिया है। सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी एम प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नए निदेशक तकनीकी श्री राम बाबू प्रसाद का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सीएमडी सीसीएल ने कहा कि श्री राम बाबू प्रसाद के मार्गदर्शन में सीसीएल कोयला उत्पादन में नए मील के पत्थर हासिल करेगी और देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करेगी।

ज्ञात हो कि 1 जनवरी, 2022 को श्री भोला सिंह द्वारा नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएमडी के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से निदेशक (तकनीकी), सीसीएल का पद रिक्त था।


सीसीएल के नये निदे. तक./संचा. श्री राम बाबू प्रसाद का स्वागत करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

कोल इंडिया लिमिटेड की झारखंड स्थित अनुषंगी कंपनी सीसीएल में निदेशक तकनीकी (संचालन) का पद संभालने से पहले श्री राम बाबू प्रसाद एनसीएल में महाप्रबंधक (खनन) के रूप में कार्यरत थे, जो सीआईएल की तीसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक अनुषंगी कंपनी है। श्री प्रसाद को एनसीएल और सीसीएल में अत्यधिक मशीनीकृत ओपनकास्ट खानों के साथ–साथ भूमिगत खानों में काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्हें 2016 में एनसीएल के बेस्ट एरिया जेनेरल मैनेजर और 2021 में श्री प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईएल द्वारा बेस्ट लाइन मैनेजर अवार्ड से नवाजा गया था।

श्री प्रसाद का अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर भी है। उन्होंने 2018 में मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय खनन और संसाधन सम्मेलन में तथा 2019 में ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम में भाग लिया था।

श्री राम बाबू प्रसाद न केवल एक खनन इंजीनियर हैं, बल्कि उनका झुकाव जनकल्याणकारी गतिविधियों की ओर भी है और वे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की मदद करने के लिए उत्सुक रहते हैं। जब वे 25.04.2013 से 06.04.15 के दौरान सीसीएल के जीएम, सीएसआर थे तब उन्होंने गरीब परिवारों को सशक्त बनाने के लिए आईआईएम, राँची के साथ "बेयरफुट मैनेजर्स" एवं "सीसीएल के लाल" कार्यक्रम की शुरूआत किया था। उन्होंने 2014–15 में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 7000 से अधिक शौचालयों के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई थी।

लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 28 दिसंबर, 2021 को सीआईएल के निदेशक तकनीकी पद के लिए श्री राम बाबू प्रसाद के नाम की सिफारिश की थी।

श्री प्रसाद ने 1987 में आईआईटी (आईएसएम), धनबाद (झारखंड) से बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (माइनिंग इंजीनियरिंग) पूरा किया है। उन्होंने डीजीएमएस, धनबाद से सीएमआर के तहत 'मैनेज ए कोलमाइन' के लिए मैनेजर्स फर्स्टक्लास सर्टिफिकेट प्राप्त किया। उन्होंने इग्नू, नई दिल्ली से चार अलग–अलग जैसे– मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (फाईनेंसियल मैनेजमेंट) की डिग्री, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाईनांसियल मैनेजमेंट एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट के कोर्स किए हैं।

# श्री मनीष कुमार का एनसीएल में निदेशक (कार्मिक) के रूप में चयन

दिनांक 23 मई को 'लोक उद्यम चयन बोर्ड (पब्लिक इंटरप्राईजेज सलेक्शन बोर्ड)' द्वारा आयोजित साक्षात्कार में श्री मनीष कुमार के नाम की अनुशंसा नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के निदेशक (कार्मिक) के रूप में किया गया है। वर्तमान में श्री मनीष कुमार सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय, राँची में विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना) के रूप में कार्यरत हैं।



ज्ञातव्य हो कि श्री मनीष कुमार के साथ–साथ उपरोक्त साक्षात्कार में महाप्रबंधक, एनसीएल, श्री सी जुस्टर, महाप्रबंधक, बीसीसीएल, श्री ए. स्वाईन, महाप्रबंधक, एमसीएल, श्री रामलाल खाटेक, महाप्रबंधक, बीसीसीएल, दिलीप कुमार बेहरा, मुख्य प्रबंधक, ईसीएल, बिशेश्वर प्रसाद, महाप्रबंधक, एनटीपीसी, श्री रजनीश रस्तोगी भी शामिल हुये।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों ने श्री कुमार के निदेशक (कार्मिक) के चयन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया है।

श्री मनीष कुमार का कोयला उद्योग के क्षेत्र में लगभग 28 वर्षों का लंबा अनुभव रहा है। उन्होंने कोल इंडिया के मुख्यालय में अधिकारी स्थापना विभाग में उल्लेखनीय कार्य किया है और सीसीएल में सतर्कता विभाग, भूमि एवं राजस्व विभाग, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग सहित सीसीएल कमांड क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री कुमार ने पटना यूनिवर्सिटी से स्नातक में मनोविज्ञान (Psychology) से ऑनर्स किया। इसके उपरांत एक्सआईएसएस, राँची से पीजी डिप्लोमा इन पर्सनल मैनेजमेंट के साथ–साथ राँची यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया है। साथ ही इंडियन इस्टिच्यूट ऑफ मैटरियल मैनेजमेंट से कॉन्ट्रेक्ट मैनेजमेंट का भी डिप्लोमा किया है।

# सीसीएल में वेन्डर्स के लिए ग्रिवान्स सेल का गठन




सीसीएल में वेन्डर्स ग्रिवान्स सेल से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

दिनांक 26.05.2022 को कोल इंडिया के मार्गदर्शन में सीसीएल में वेन्डर्स ग्रिवान्स सेल (एमएम) का गठन किया गया है। इससे संबंधित सीसीएल के हाईयर मैनेजमेंट द्वारा दिनांक 26.05.2022 को सीसीएल मुख्यालय, राँची में बैठक का आयोजन सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद एवं विभागाध्यक्ष (एमएम), श्री एस. एन. महतो एवं उनकी टीम उपस्थित थे। सीसीएल के एमएम विभाग ने प्रथम बार इस प्रकार की सेल का गठन किया है जिसका मुख्य उद्देश्य वेंडर्स के समस्याओं पर त्वरित कार्यवाई करना है।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद उपस्थित सभी वेंडर्स को संबोधित करते हुये कहा कि कंपनी अपने वेंडर्स के समस्याओं के निवारण करने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने सभी वेंडर्स के विचारों को सुना और उचित कार्यवाई के लिए दिशा–निर्देश दिये।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सभी वेंडर्स से आग्रह किया कि आप गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें जिससे कंपनी उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर सके।

एमएम से संबंधित वेंडर्स जैसे भारत अर्थ मुवर्स लि., हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि., इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि., जेएमको, एलएनटी, विलो मैथर आदि के 35 से अधिक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे जो देश के विभिन्न शहरों से प्रत्यक्ष एवं वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े रहे।

विभागाध्यक्ष (एमएम), श्री एस.एन. महतो ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वेंडर्स सीसीएल के अभिन्न अंग हैं और उनके योगदान से कंपनी प्रतिवर्ष नया–नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 21–22 में सीसीएल 68.85 मिलियन टन उत्पादन कर रिकार्ड बनाया है।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों –– सर्वश्री अमिताव महापात्र, वरीय प्रबंधक (वित्त), वित्त ईपीआर विभाग; राज कुमार रजक, उप प्रबंधक (सचिवालय), सतर्कता विभाग; राम भरोस राय, फोरमैन इंचार्ज, ई एण्ड टी विभाग; मुन्ना राम, कैट–1, प्रशासन विभाग; मुन्शी राम, डुप्लीकेटर ऑपरेटर, पर्यावरण एवं वन विभाग को दिनांक 31 मई, 2022 को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मई माह में विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर पूरे सीसीएल से 89 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी कार्यालय के विभिन्न परिस्थितियों में कार्य किया है और अनुभव को प्राप्त करते हुए आज कंपनी से सेवानिवृत हो रहे हैं। आपके कार्यानुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते हुए कंपनी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की।

सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने समारोह में सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आपके योगदान एवं कर्तव्यनिष्ठता के लिए सीसीएल कृतज्ञ है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहें स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहें।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक (कल्याण) श्री अभीराज ने किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CCL CMD, Shri P M Prasad and CIL Director (P&IR), Shri Vinay Ranjan inaugurate CSR & Sustainability Conclave, 2022 at CCL HQ, Ranchi.

In the two days conclave organised by CIL experts from varied fields will brainstorm on various facets of CSR and Sustainability.



Pralhad Joshi and 3 others

11:31 AM · 06/05/22 · Twitter Web App

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CCL wins two awards at CSR Conclave.

Congratulations to #TeamCCL on bagging awards in two categories "Best CSR initiatives in sports promotion and education" at the CSR Conclave-2022.

Shri Vinay Ranjan, Director (P&IR), CIL presented the awards.



9:41 PM · 07/05/22 · Twitter Web App

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Shri Ram Baboo Prasad assumes charge as Director (Technical), CCL.

A graduate mining engineer from IIT (ISM), Dhanbad, Shri Prasad has about 35 years of varied experience in different capacities across CIL.

#TeamCCL welcomes him.



7:31 PM · 14/05/22 · Twitter for iPhone

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Congratulations #TeamCCL on achieving the highest ever production in the month of April during any Financial Year.

Let's keep scaling new heights and keep fulfilling the energy needs of the nation. #AtmanirbharBharat




Coal India Limited

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)

CCLRanchi | CentralCoalfieldsLtd | centralcoalfieldsltd | Central Coalfields Limited | cclranchi